## महत्वपूर्ण एवं खास

### विभिन्न स्थानों में ग्रामवासियों ने देखा ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीन

रायगढ़। तहसील आफिस खरसिया, सारंगढ़ एवं धरमजयगढ़ विकासखण्ड के गिधकालो हाट-बाजार में मतदाता जागरूकता शिविर के तहत ग्रामवासियों ने ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीन देखकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान किया। विभिन्न स्थानों में ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीन को देखकर ग्रामवासी सीखने के प्रति जागरूक एवं उत्सुक दिखाई दिए।

### राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष साय का दौरा कार्यक्रम

रायगढ़। राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष नंदकुमार साय 24 अगस्त को रायपुर से प्रस्थान रात्रि 10 बजे रायगढ़ आयेंगे एवं सर्किट हाउस के लिए प्रस्थान करेंगे। श्री साय रात्रि 10.30 बजे रायगढ़ सर्किट हाउस से ग्राम-भगोरा के लिए प्रस्थान करेंगे। श्री साय 27 अगस्त को दोपहर 2.20 बजे रायगढ़ से रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### प्लेसमेंट कैम्प 24 एवं 25 अगस्त को

रायगढ़। जिले के शिक्षित युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, रायगढ़ एस.इ.सी. एल रोड मैरीन ड्राईव में निजी क्षेत्रों में विभिन्न पदों में भर्ती करने के लिए 24 अगस्त एवं 25 अगस्त को पूर्वान्ह 11 बजे से अपरान्ह 3 बजे तक प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा।

जिला रोजगार कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्लेसमेंट कैम्प में मेडिकल एवं नर्सिंग, इलेक्ट्रिकल, ए.सी रिपेयरिंग सेक्टर्स के अंतर्गत रायगढ़, सारंगढ़, बरमकेला के निजी संस्था में प्रशिक्षक हेतु भर्ती की जाएगी। जिसमें बीएससी (नर्सिंग), बी.ई इलेक्ट्रिकल/डिप्लोमा इलेक्ट्रिकल, आई.टी.आई एवं बी.ई/डिप्लोमा (मैकेनिकल) योग्यता के आवेदक आवेदन कर सकते है। इसके अतिरिक्त अंग्रेजी शिक्षक हेतु एम.ए. (अंग्रेजी) योग्यता तथा रिसेप्सनिस्ट हेतु स्नातक एवं कम्प्यूटर आवेदक कैम्प में भाग ले सकते है। इच्छुक आवेदक नियत तिथि एवं समय पर अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाणपत्र, अंक सूची, रोजगार कार्यालय का जीवित पंजीयन कार्ड तथा निवास प्रमाण पत्र की मूल प्रति व एक-एक छायाप्रति व पासपोर्ट साइज के दो फोटोग्राफ के साथ जिला रोजगार कार्यालय रायगढ़ में उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते है।

### अजा वर्ग मिनीमाता स्वावलंबन योजनान्तर्गत ऋण लेने हेतु 25 अगस्त तक आवेदन आमंत्रित

रायगढ़। अनुसूचित जाति वर्ग में मिनीमाता स्वावलंबन योजनान्तर्गत स्वयं का रोजगार स्थापित करने हेतु योजनाएं संचालित की गई है। उक्त योजना के तहत अनुसूचित जाति वर्ग के आवेदक जो ऋण लेने के इच्छुक है वे 25 अगस्त 2018 शाम 5.30 बजे तक अपना आवेदन कार्यपालन अधिकारी/क्षेत्राधिकारी, जिला अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कलेक्टर कार्यालय कक्ष क्रमांक 94 में जमा कर सकते हैं।

प्राप्त जानकारी के अनुसार उक्त योजना में स्वयं की भूमि पर दुकान निर्माण हेतु 70-70 हजार रुपए दो किश्तों में 1.40 लाख रुपए एवं 60 हजार रुपए कार्यशील पूंजी हेतु प्रदाय किया जाएगा। जिसमें 4 प्रतिशत वार्षिक ब्याज दर पर ऋण की व्यवस्था की जाएगी। ऋण के निर्धारित मासिक किश्तों का 5 वर्ष की अवधि में ब्याज सहित चुकाना होगा। नियमित किश्त तीन वर्ष ब्याज सहित अदायगी करने की स्थिति में प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत इकाई लागत की 75 प्रतिशत राशि प्रोत्साहिन के रूप में प्रावधानित होगी। इस योजना के लिए आवेदक को रायगढ़ जिले के मूल निवासी होना चाहिए एवं उसकी आयु 18 वर्ष से कम एवं 50 वर्ष से अधिक नहीं होना चाहिए। आवेदक जाति, निवास, आय तहसीलदार एवं अनुवभागीय अधिकारी द्वारा जारी प्रमाण-पत्र, राशन कार्ड, शैक्षणिक योग्यता प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र के साथ कार्यालय में उपस्थित होकर आवेदन फार्म प्राप्त कर सकते है। इस संबंध में अन्य जानकारी के लिए अंत्यावसायी सहकारी विकास समिति कलेक्टर कार्यालय कक्ष क्रमांक 94 में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क कर सकते है।

### ऋषभ पंत के साथ अभद्र व्यवहार के लिए स्टुअर्ट ब्रॉड को मिली ये सजा

नई दिल्ली। भारत और इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की सीरीज का तीसरा टेस्ट मैच नॉटिंघम के ट्रेंट ब्रिज मैदान पर खेला जा रहा है। मैच के चौथे दिन के अंत तक टीम इंडिया ने अपनी जीत पक्की कर ली है। भारत को ये टेस्ट मैच जीतने के लिए अब महज एक विकेट की जरूरत है। वहीं इंग्लैंड के लिए ये टेस्ट मैच काफी खराब रहा है। टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला उल्टा पड़ गया और इसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो की उंगली में फ्रैक्चर हो गया। इतना ही नहीं तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्रॉड को जुर्माना भी झेलना पड़ा है।भारत के खिलाफ पहली पारी में ब्रॉड ने ऋषभ पंत का विकेट लेने के बाद जो अभद्र व्यवहार किया था, उसके लिए उन्हें अब सजा झेलनी पड़ेगी। आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल-1 के दोषी पाए गए ब्रॉड को मैच फीस का 15 फीसदी जुर्माना भरना पड़ेगा।

# बीसीसीआई का नया संविधान 30 दिनों के अंदर हो जायेगा पुष्टि

नई दिल्ली। लंबे समय से भारतीय क्रिकेट की व्यवस्था के लिए सुधार के लिए हो रहे प्रयासों के बाद मंगलवार को एक बड़ा कदम उठा जब बीसीसीआई ने अपना नया संविधान चेन्नई में तमिलनाडु रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटीज में पंजीकृत करवाया जिससे प्रशासकों की समिति (सीओए) के लिये भी चुनावों के लिये खाका तैयार करने का रास्ता साफ हो गया। नया संविधान उच्चतम न्यायालय से नियुक्त लोढ़ा समिति की सिफारिशों के अनुकूल तैयार किया गया है। बीसीसीआई ने विज्ञप्ति में कहा, ''माननीय उच्चतम न्यायालय के नौ अगस्त 2018 के आदेश का पालन करते हुए भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) ने माननीय उच्चतम न्यायालय से अनुमोदित और निर्देशित नया संविधान आज अपने सीईओ राहुल जोहरी के जरिये चेन्नई में तमिलनाडु रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटीज में पंजीकृत करवाया।'' सीओए में चेयरमैन विनोद राय और डायना एडुल्जी शामिल हैं. उन्होंने विज्ञप्ति में कहा, ''हम माननीय उच्चतम न्यायालय का उनके निर्देशों के लिये आभार व्यक्त करते हैं और चेन्नई में तमिलनाडु रजिस्ट्रार ऑफ सोसायटीज में आज नये संविधान को सौंपने के साथ ही प्रक्रिया शुरू होने पर खुश हैं. हम उच्चतम न्यायालय के सभी निर्देशों तो पूरी तरह से लागू करने के लिये प्रतिबद्ध हैं.'' सीओए ने आगे कहा कि राज्य संघों को 30 दिन के अंदर उच्चतम न्यायालय के आदेश और रिपोर्ट का पालन करने की पुष्टि करनी है. राय ने कहा, ''अब संविधान को अधिसूचित कर दिया गया है जिससे हम जल्द ही चुनाव कराने के लिये खाका तैयार कर पाएंगे.''

### तेंदुलकर गांगुली और लक्ष्मण बने रहेंगे सीएसी के सदस्य

सीओए सदस्यों राय और डायना इडुल्जी के अलावा मुख्य कार्यकारी अधिकारी राहुल जोहरी ने सोमवार को भी दिल्ली में उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार नए संविधान को लेकर बैठक की थी. इसके बाद सीओए प्रमुख विनोद राय ने सोमवार को ही स्पष्ट किया था कि सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली और वीवीएस लक्ष्मण बीसीसीआई का नया संविधान लागू होने और नए चुनाव होने तक क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) के सदस्य बने रहेंगे.

## सौरभ चौधरी और रवि कुमार को उत्तर प्रदेश सरकार इनाम देगी

नई दिल्ली। इंडोनेशिया की राजधानी जकार्ता में आयोजित हो रहे 18वें एशियाई खेलों के तीसरे दिन शूटिंग में स्वर्ण पदक जीतने के बाद पूरे देश में 16 साल के सौरभ चौधरी की ही चर्चा है. सौरभ चौधरी मेरठ के रहने वाले हैं. और उनके कारनामे की गूंज उत्तर प्रदेश सरकार तक पहुंची,



तो योगी सरकार ने उनके लिए इनाम का ऐलान करने में देर नहीं लगाई. मुख्यमंत्री ने साथ ही कांस्य पदक जीतने वाले रवि कुमार को भी 20 लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की है. रवि ने एशियाई खेलों के पहले ही दिन अपूर्वी चंदेला के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में कांसा जीता था. सरकार के प्रवक्ता ने कहा रवि को भी राज्य सरकार में राजपत्रित अधिकारी का पद दिया जाएगा. आदित्यनाथ ने कहा कि दोनों खिलाड़ियों ने काफी मेहनत की है और प्रतिबद्धता के कारण एशियाई खेलों में पदक जीत राज्य का नाम रोशन किया है. आदित्यनाथ ने सौरभ को उत्तर प्रदेश के लिए पदक लाने की इस सफलता के लिए बधाई दी. सौरभ ने एशियाई खेलों में इस स्पर्धा का रिकॉर्ड तोड़ते हुए कुल 240.7 अंक हासिल किए और सोना जीता. यह भारत के खाते में गिरा कुल तीसरा स्वर्ण पदक है. वहीं राज्य के खेल मंत्री और पूर्व क्रिकेट खिलाड़ी चेतन चौहान ने कहा कि मुझे पूरी उम्मीद है कि इन दोनों खिलाड़ियों ने जो मुकाम हासिल किया है उससे राज्य के कई और उभरते हुए खिलाड़ियों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अच्छा करने की प्रेरणा मिलेगी.

### धोनी क्रिकेट से दूर ऐसे जिवा के साथ घर पर कर रहे हैं मस्ती



रांची। महेंद्र सिंह धोनी इन दिनों क्रिकेट से दूर हैं। टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके धोनी इंग्लैंड में वनडे और टी-20 सीरीज के बाद स्वदेश लौट आएं थे। पिछले कुछ दिनों से वो रांची में अपने परिवार के साथ क्वॉलिटी समय बिता रहे हैं। मंगलवार को धोनी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो शेयर किया, जो खूब वायरल हो रहा है। बेटी जीवा के साथ ये धोनी का अभी तक का सबसे क्यूट वीडियो कहा जा रहा है। इस वीडियो को साक्षी धोनी ने शूट किया है।

## भारतीय टीम को हराने के लिए जोस बटलर ने बनाया था प्लान!

नॉटिंघम। इंग्लैंड के बल्लेबाज जोस बटलर का कहना है कि वे नहीं चाहते थे कि भारत के लिए कुछ भी आसान हो तथा तीसरे टेस्ट मैच को पांचवें दिन तक खींचकर उन्होंने मेहमान टीम को जीत के लिए कड़ी मेहनत करवा दी. इंग्लैंड के ट्रेंट ब्रिज में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के चौथे दिन जोस बटलर ने 103 रनों की पारी खेली. इसके साथ ही उन्होंने बेन स्टोक्स के साथ पांचवें विकेट के लिए 169 रन की साझेदारी की, लेकिन जसप्रीत बुमराह के 85 रन पर पांच विकेट की मदद से इंग्लैंड 521 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए नौ विकेट पर 311 रन बनाकर हार के कगार पर पहुंच गया है.



जोस बटलर ने कहा, हमारे लिए चौथे दिन का अच्छा प्रदर्शन करना, कभी हार नहीं मानने के जज्बे को दिखाना और भारत को आसानी से जीतने नहीं देना जरूरी था. उन्हें इसके लिए जितना जरूरी हो उतनी कड़ी मेहनत करवाना हमारा उद्देश्य था. हमने पूरे दिन वास्तव में ऐसा अच्छी तरह से किया. यहां तक कि दो खिलाड़ियों ने आखिर में यह सुनिश्चित किया कि मैच पांचवें दिन तक चले.

उन्होंने कहा, इससे पता चलता है कि परिस्थितियां कैसी भी हों हम हार नहीं मानते. बटलर और स्टोक्स ने बीच में भारतीयों को परेशान किया. अपना पहला टेस्ट शतक जड़ने वाले बटलर ने कहा कि उन्हें लग रहा था कि वे पूरे दिन भर बल्लेबाजी कर सकते हैं.

## एशियन गेम्स में भारतीय पुरुष और महिला कबड्डी टीम सेमीफाइनल में पहुंची

नई दिल्ली। एशियाई खेलों में भारतीय पुरुष और महिला कबड्डी टीम ने सेमीफाइनल में स्थान बना लिया है. इन दोनों ही वर्गों में भारतीय टीम को स्वर्ण पदक का मजबूत दावेदार माना जा रहा है. हालांकि पुरुष टीम को कल दक्षिण कोरिया के हाथों अप्रत्याशित का हार का सामना करना पड़ा था. सात बार की स्वर्ण पदक विजेता भारतीय पुरुष टीम ने कल दक्षिण कोरिया से 23-24 से मिली



इस हार से उबरकर आज रूप 'ए' के अंतिम मैच में थाईलैंड को 49-30 से शिकस्त दी. भारत ने दक्षिण कोरिया से हारने से पहले बांग्लादेश को 50-21 और श्रीलंका को 44-28 से हराया था. आज की जीत के साथ भारत का रूप में शीर्ष दो टीमों में रहना पक्का हो गया जिससे टीम ने सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया. उधर, महिला वर्ग के मुकाबले में भारतीय टीम ने आज दो जीत दर्ज की. टीम रूप 'ए' के सभी मैच जीत कर तालिका में शीर्ष पर है. भारत ने आज अपने पहले मैच में श्रीलंका को 38-12 से हराने के बाद इंडोनेशिया को 54-22 से मात दी. इससे पहले टीम ने जापान को 43-12 से हराया था. सेमीफाइनल मुकाबला 23 अगस्त को खेला जाएगा जिसमें भारत का सामना रूप बी में दूसरे स्थान पर रहने वाली टीम से होगा.

### एशियन गेम्स में गोल्ड जीतने वाले बजरंग-विनेश रेलवे में बनेंगे अफसर



नई दिल्ली। इंडोनेशिया के जकार्ता-पालेमबांग में जारी 18वें एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक विजेता भारतीय पहलवान बजरंग पुनिया और विनेश फोगाट को रेलवे में पदोन्नति मिलेगी. रेलवे ने मंगलवार को इन दोनों खिलाड़ियों को राजपत्रित अधिकारी (गैजेटेज ऑफिसर) का पद देने का ऐलान किया है. रेलवे मंत्रालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा है कि इन दोनों को रेलवे के नियमों के आधार पर पदोन्नति मिलेगी.

तीन अगस्त को रेल मंत्री पीयूष गोयल ने खिलाड़ियों की पदोन्नति के लिए एक नई पॉलिसी की घोषणा की है. इस नई नीति के मुताबिक ओलंपिक में पदक जीतने वाले खिलाड़ियों और पद्मश्री से अलंकृत प्रशिक्षकों को अधिकारी के तौर पर पदोन्नत किया जाएगा.

मंत्रालय ने एक बयान में कहा था, 'खिलाड़ियों की मेहनत को सम्मान देते हुए जिन खिलाड़ियों ने दो बार ओलंपिक में जगह बनाई है और एशियाई खेलों तथा राष्ट्रमंडल खेलों में पदक जीता है, उन्हें मंत्रालय ने अधिकारी रैंक पर पदोन्नत करने का फैसला किया है.

### सीमेंट और छड़ के जी एस टी की दर में कमी की मांग- चेम्बर

रायगढ़। एक तरफ तो सरकार विनिर्माण के क्षेत्र में कानूनी प्रक्रिया को सरल बना कर उसे बढ़ावा देना चाहती है वहीं दूसरी ओर निर्माण सामग्री में बड़ी हुई कर की दरों ने निम्न मध्यम वर्ग के नागरिकों को हतोत्साहित किया है। आज हर नागरिक का सपना है कि उसका अपना घर हो शासन भी उनके सपनों को पूरा करने के लिए कई प्रकार की योजनाएं चला रहा है। परन्तु निम्नमध्यम वर्ग का एक तबका ऐसा भी है जो उन योजनाओं के मापदण्ड को पूरा नहीं कर पता ऐसे में उसे



अपने ही प्रयासों से इस महंगे बाजार में अपने सपने को पूरा करने के लिए संघर्ष करना होता है। यदि सीमेंट में जी एस टी की दर 28 प्रतिशत से 12 प्रतिशत और छड़ को 18 प्रतिशत से 12 प्रतिशत कर दिया जाये तो यह न केवल नागरिकों को राहत देने वाला निर्णय होगा बल्कि इंफ्रास्ट्रक्चर सेक्टर को बढ़ावा देने वाला कदम साबित होगा।छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स के रायगढ़ अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल महामंत्री हीरा मोटवानी ने वित्त मंत्री को और जी एस टी काउंसिल को पत्र लिख कर आग्रह किया है कि निर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने हेतु इसमें लगने वाले सामग्रियों पर कर की दरों को कम किया जाये।

## 18वें एशियाई खेल महिला हॉकी भारतीय टीम ने कजाकिस्तान को 21-0 से रौंदा

नई दिल्ली। भारतीय महिला हॉकी टीम ने मंगलवार को गोलों की बारिश करते हुए 18वें एशियाई खेलों के अपने दूसरे रूप मैच में कजाकिस्तान को 21-0 से रौंद डाला.भारतीय महिला हॉकी टीम की चार खिलाड़ियों ने हैट्रिक बनाई, पूल बी के मैच में भारत ने 18 खिलाड़ियों को आजमाया, जिसमें से 10 गोल करने में सफल रहीं.टीम हालांकि 22-0 के एशियाई खेलों के रिकॉर्ड से एक गोल से चूक गई. भारतीय महिला हॉकी टीम ने 1982 एशियाई खेलों में हांगकांग को 22-0 से हराया था.



स्टार खिलाड़ी रानी रामपाल और सविता के बिना उतरी भारतीय टीम के लिए इस एकरफा जीत में गुरजीत ने सातवें, 36वें, 44वें और 52वें, नवनीत कौर ने 11वें, 12वें, 49वें, वंदना कटारिया ने 29वें और 37वें और 53वें, लालरेमसियामी ने नौवें, 19वें और 30वें मिनट में गोल कर अपनी हैट्रिक पूरी की.

## महाविद्यालय के 250 छात्र-छात्राओं का हुआ रक्त परीक्षण

रायगढ़। कलेक्टर एवं भारतीय रेडक्रास सोसायटी जिला शाखा रायगढ़ के अध्यक्ष श्रीमती शम्मी आबिदी के मार्गदर्शन में रेडक्रास सोसायटी एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आज शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़ में रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रातः 10.30 बजे से शुरू होकर शाम 5.30 बजे तक चला जिसमें महाविद्यालय के करीबन 250 छात्र-छात्राओं का रक्त परीक्षण किया गया। शिविर में रेडक्रास सोसायटी के प्रभारी अधिकारी डॉ.एच.एस. उराव, संतोष अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष एवं संरक्षक मुकेश शर्मा, रेडक्रास के अन्य स्टाफ, महाविद्यालय के समस्त प्राचार्यगण सहित बड़ी संख्या में महाविद्यालय के छात्र-छात्राएं उपस्थित थे। इस मौके पर रेडक्रास सोसायटी के प्रभारी अधिकारी ने कहा कि भविष्य में पुनः अन्य महाविद्यालयों में भी रक्त परीक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम अब 31 अगस्त तक

रायगढ़। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य में फोटो निर्वाचक नामावलियों के द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2018 कार्यक्रम में इंगित, दावों एवं आपत्तियों को प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 21 अगस्त तक निर्धारित थी, जिसमें संशोधित करते हुए अब 31 अगस्त 2018 तक कर दी गई है।